Hindustan, Lucknow, Nov 9 2008

आईटी विज प्रतियोगिता

टीसीएस की प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान

आईटी विज में लखनऊ पब्लिक स्कूल अव्वल

हिन्दुस्तान संवाद लखनऊ

शनिवार को टाटा कन्सल्टेन्सी की ओर से आयोजित आईटी विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रश्नों से दो-चार होना पड़ा। प्रतियोगिता का आयोजन रवीन्द्रालय में हुआ।

प्रतियोगिता में उप्र एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न स्कूलों के 1200 बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें स्कूली टीमों की क्रॉस वर्ड, विजुअल, क्लू पहचानने एवं क्विज प्रतियोगिता हुई। लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर आई के उत्कर्ष मिश्र एवं आकाश तिवारी की टीम को प्रथम, समर वैली स्कूल देहरादून के दुष्यंत ध्यानी एवं प्रतीक बसंल की टीम को द्वितीय व सीएमएस महानगर के प्रभात मिश्र एवं शशांक शुक्ला की टीम को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता में प्रशासनिक अधिकारी अरुण मिश्र एवं यूपी तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रेम व्रत मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर टीसीएस के सीईओ एस रामादोरई, जयन्त कृष्णा, जगदीश गांधी भी मौजूद थे।